# अवैध शराब बेचने वालों पर दबिश की खानापूर्ति

### कान्हीवाड़ा पुलिस की कार्रवाई पर उठे सवाल खबर छपते ही जागी पुलिस, दुकानों में दबिश देकर पुलिस ने निभाई औपचारिकता

**सिवनी नवभारत। जिले के कान्हीवाड़ा थाना क्षेत्र में लंबे समय से फल-फूल रहे अवैध शराब के कारोबार पर आखिरकार पुलिस को कार्रवाई करने के लिए मजबूर होना पड़ा। समाचार पत्र में क्षेत्र में धड़ल्ले से बिक रही अवैध और कच्ची शराब को लेकर प्रमुखता से खबर प्रकाशित होने के बाद कान्हीवाड़ा पुलिस हरकत में आई। हालांकि, पुलिस की इस अचानक जागी सक्रियता और कार्रवाई के तरीके पर अब स्थानीय ग्रामीणों के बीच तरह-तरह की चर्चाएँ शुरू हो गई हैं।**



क्षेत्र के ग्रामीण अंचलों में बेखौफ बिक रही अवैध अंग्रेजी, देशी और हाथ भट्टी की कच्ची शराब के कारण माहौल खराब हो रहा था। समाचार पत्र द्वारा इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाए जाने के बाद वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर कान्हीवाड़ा पुलिस ने आनन-फानन में कार्रवाई की रणनीति बनाई। खबर का असर यह हुआ कि महीनों से बेखबर बैठी पुलिस टीम अचानक सड़कों और दुकानों पर नजर आने लगी।

पुलिस बल ने कान्हीवाड़ा थाना क्षेत्र के ड्यूटी ग्राम स्थित संदिग्ध दुकानों और अड्डों पर ताबड़तोड़ दबिश दी। लेकिन प्रत्यक्षदर्शियों और ग्रामीणों की मानें तो पुलिस की यह कार्रवाई महज एक खानापूर्ति बनकर रह गई। पुलिस ने औपचारिकता निभाने के लिए कुछ स्थानों पर तलाशी ली, मगर कोई बड़ी जब्ती या मुख्य शराब माफियाओं पर शिकंजा कसने में सफलता नहीं मिल सकी।

सबसे दिलचस्प पहलू यह रहा कि कान्हीवाड़ा पुलिस जिस गुप्तचर की सूचना और भारी तामझाम के साथ ड्यूटी ग्राम पहुँची थी, उसका असर शून्य जैसा रहा। पुलिस के कदम गाँव में पड़ने से पहले ही अवैध शराब बेचने वाले और वहाँ बैठकर जाम छलका रहे शराबी रफूचक्कर हो चुके थे।

ग्रामीणों का कहना है जब पुलिस गाँव में घुसी, तो सारे अड्डे खाली पड़े थे। ऐसा लगता है कि पुलिस के आने की भनक शराब कारोबारियों को पहले ही लग चुकी थी। अगर सूचना इतनी गुप्त थी, तो कारोबारी पहले से सतर्क कैसे हो गए

पुलिस की इस सुस्त और नाटकीय कार्रवाई से क्षेत्र के लोगों में भारी निराशा है। ग्रामीणों का आरोप है कि कान्हीवाड़ा पुलिस केवल कागजी कार्रवाई और वरिष्ठ अधिकारियों को रिपोर्ट भेजने के लिए ऐसी दबिश का नाटक करती है।

**ठोस कार्यवाही की मांग**

कच्ची और अवैध शराब के मुख्य सरगनाओं पर अब तक ठोस कार्रवाई क्यों नहीं की जा रही। स्थानीय नागरिकों ने सिवनी पुलिस अधीक्षक से मांग की है कि कान्हीवाड़ा क्षेत्र में बिक रही अवैध शराब पर निष्पक्ष और कड़े कदम उठाए जाएँ, ताकि क्षेत्र का माहौल खराब होने से बच सके और इस अवैध कारोबार पर पूर्णत: अंकुश लग सके।

## रक्तदान के माध्यम से दिया पर्यावरण और मानव सेवा का संदेश

**सिवनी नवभारत।** जन समस्या निवारण संस्थान, सिवनी द्वारा आज द टॉपर्स स्कूल ऑफ एक्सीलेंस, सिवनी में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन संस्थान की जिला अध्यक्ष श्रीमती पार्वती डहेरिया के नेतृत्व एवं विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती साहिबा खान की अध्यक्षता में किया गया।



संस्थान की जिला उपाध्यक्ष श्रीमती अमृता बेदी के जन्मोत्सव के अवसर पर फलदार एवं औषधीय पौधों का रोपण किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के विद्यार्थियों ने लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल एवं संरक्षण का संकल्प लिया।

संस्थान द्वारा बताया गया कि जन समस्या निवारण संस्थान अपने पदाधिकारियों के जन्मोत्सव जैसे शुभ अवसरों को समाजहित से जोड़ते हुए पौधरोपण जैसे प्रेरणादायी कार्य करता है। संस्था का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ समाज में सेवा और जागरूकता की भावना को बढ़ावा देना है।

इसी क्रम में संस्थान की जिला उपाध्यक्ष अमृता बेदी ने अपने जन्मोत्सव पर जिला अस्पताल, सिवनी में छठी बार रक्तदान कर मानवता की उत्कृष्ट मिसाल प्रस्तुत की। संस्थान ने इसे समाज के लिए प्रेरणादायक कदम बताते हुए अधिक से अधिक लोगों से रक्तदान एवं पर्यावरण संरक्षण जैसे जनहितकारी कार्यों में भागीदारी की अपील की। कार्यक्रम में मुख्य रूप से संस्थान की जिला अध्यक्ष पार्वती डहेरिया, जिला उपाध्यक्ष अमृता बेदी, जिला उपाध्यक्ष (विधि प्रकोष्ठ) एडवोकेट देवेन्द्र डहरवाल, नगर उपाध्यक्ष (विधि प्रकोष्ठ) शालनी डहेरिया, सदस्य सीता डहेरिया, लक्ष्मी बघेल, इरफान खान, फातिमा अंजुम, स्नेहा दुबे, शारदा कुमरे सहित अन्य पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक उत्तरदायित्व एवं जनसेवा के प्रति जागरूकता विकसित करना रहा। जन समस्या निवारण संस्थान ने विश्वास व्यक्त किया कि ऐसे जनहितकारी अभियान भविष्य में भी निरंतर जारी रहेंगे और समाज को सकारात्मक दिशा प्रदान करते रहेंगे।

## एक नजर में

### कलेक्ट्रेट परिसर में धारा 163 लागू, भीड़ पर लगा प्रतिबंध

**सिवनी।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी सिवनी के निर्देशानुसार अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट द्वारा भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस), 2023 की धारा 163 के अंतर्गत आदेश जारी करते हुए कलेक्ट्रेट परिसर एवं उसके 100 मीटर की परिधि में आगामी दो माह तक प्रतिबंधात्मक आदेश लागू किए गए हैं। जारी आदेश के अनुसार कलेक्ट्रेट परिसर के 100 मीटर के दायरे में पांच या उससे अधिक व्यक्तियों के एकत्रित होने पर प्रतिबंध रहेगा। परिसर में किसी भी प्रकार का धरना, प्रदर्शन, जुलूस अथवा रैली आयोजित नहीं की जा सकेगी। बिना पूर्व अनुमति कोई भी व्यक्ति ज्ञापन देने अथवा कलेक्ट्रेट परिसर में प्रवेश नहीं कर सकेगा। साथ ही लाठी, डंडा या अन्य घातक हथियार लेकर परिसर में प्रवेश करना भी प्रतिबंधित रहेगा। आदेश में स्पष्ट किया गया है कि ज्ञापन देने के इच्छुक व्यक्तियों को पूर्व में अनुविभागीय दण्डाधिकारी अथवा कार्यपालिक दण्डाधिकारी को सूचना देनी होगी। अनुमति मिलने पर भी केवल अधिकृत प्रतिनिधि ही ज्ञापन प्रस्तुत कर सकेंगे तथा भीड़ को कलेक्ट्रेट परिसर में प्रवेश की अनुमति नहीं होगी। कलेक्ट्रेट परिसर अथवा उसके आसपास यातायात बाधित करने, सड़क जाम करने या कानून-व्यवस्था प्रभावित करने वाली गतिविधियों पर भी रोक रहेगी। प्रशासन ने बताया कि यह आदेश शासकीय कार्यों के सुचारू संचालन, आमजन की सुविधा तथा कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से जारी किया गया है। यह आदेश 01 अगस्त 2026 से आगामी दो माह तक प्रभावशील रहेगा।

### 1 जून से अब तक जिले में 505 .5 मिमी वर्षा

**सिवनी।** जिले में मानसून की सक्रियता जारी है। भू-संसाधन प्रबंधन कार्यालय द्वारा जारी दैनिक वर्षा प्रतिवेदन के अनुसार 01 जून से 01 अगस्त 2026 तक जिले में 505 .5 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है। वहीं 01 अगस्त को जिले में 7.0 मिमी औसत वर्षा रिकॉर्ड की गई। प्रतिवेदन के अनुसार 01 अगस्त को सिवनी तहसील में सर्वाधिक 20 .6 मिमी वर्षा दर्ज की गई। इसके अतिरिक्त कुरई में 11 .4 मिमी, धनोरा में 11.0 मिमी, लखनादौन में 2 .2 मिमी, छपारा में 5 .2 मिमी, बरघाट में 3 .3 मिमी, केवलारी में 1.0 मिमी तथा घंसौर में 1.0 मिमी वर्षा दर्ज की गई।

### 17 विभागों के 117 लंबित प्रकरणों का हुआ परीक्षण

सिवनी। जिले में लंबित अनुकंपा नियुक्ति प्रकरणों के त्वरित निराकरण एवं पात्र परिवारों को समयबद्ध राहत उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कलेक्टर श्रीमती नेहा मीना की पहल एवं मार्गदर्शन में जिला प्रशासन द्वारा शुक्रवार को प्रधानमंत्री उत्कृष्ट शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, सिवनी के ऑडिटोरियम हॉल में वृहद अनुकंपा नियुक्ति शिविर आयोजित किया गया। शिविर की अध्यक्षता मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रीमती अंजली शाह ने की। शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारियों को एक ही स्थान पर उपलब्ध कराकर लंबित प्रकरणों का विभागवार परीक्षण किया गया, जिससे आवेदकों को अलग-अलग कार्यालयों के चक्कर लगाने की आवश्यकता नहीं पड़ी। शिविर में जिले के विभिन्न विभागों से संबंधित 117 आवेदक उपस्थित हुए। इनमें जनजातीय कार्य विभाग के 46, शिक्षा विभाग के 27, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के 17, राजस्व विभाग के 2, मत्स्य विभाग का 1, मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के 4, कृषि विभाग का 1, पशुपालन विभाग का 1, वन विभाग के 4, उद्यानिकी विभाग का 1, होमगार्ड विभाग का 1, नगरीय प्रशासन विभाग के 4, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग का 1, मध्यप्रदेश स्टेट सिविल सप्लाई कॉर्पोरेशन का 1, लोक निर्माण विभाग के 2, स्वास्थ्य विभाग के 2 तथा जल संसाधन विभाग के 2 प्रकरण शामिल रहे।

## देव संस्कृति फाउंडेशन द्वारा मनाया गया स्वैच्छिकता पर्व




**सिवनी नवभारत।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद सिवनी के जिला समन्वयक श्री राजेंद्र चौधरी के मार्गदर्शन एवं ब्लॉक समन्वयक श्री कुलदीप सिंह ठाकुर के सानिध्य में आज सेक्टर सुकतरा ब्लॉक कुरई के ग्राम बिहिरिया में हनुमान मंदिर के समीप

शुक्रवार को मध्य प्रदेश जन अभियान द्वारा चलाए जा रहे स्वैच्छिकता पर्व के अंतर्गत एक पेड़ मा के नाम योजना में आम,नीम, जाम आदि के पेड़ लगाकर उत्सव धूम धाम से मनाया गया। इस कार्यक्रम में सेक्टर सुक तरा की नवांकुर संस्था के अध्यक्ष श्री रंजीत रानू साहू जी एवं सचिव अशोक शिववेदी द्वारा उपस्थित लोगों को पर्व की महत्ता पर प्रकाश डाला गया ।

रंजीत रानू साहू द्वारा कहा गया कि बरसात के दिनों में पेड़ लगाना और उनका संरक्षण करना जरूरी है क्योंकि पेड़ हमारे मित्र है। पेड़ो के बिना जीवन की का कल्पना करना एक कोरा स्वपन जैसा है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति कलबोडी के अध्यक्ष श्रीमती गौरी विश्वकर्मा सचिव श्रीमती सुनीता चंदेल के अलावा ग्राम के अन्य सदस्य श्री धनलाल धुर्वे,लालसिंह,धर्मचंद विश्वकर्मा, अंबिका साहू, श्रीमती सिया चंदेल,रानी सराठे,प्रीति चंदेल के अलावा केवल पंचेश्वर आदि की उपस्थिति रही।

कार्यक्रम के अंत में उपस्थित लोगों से नशा न करने की अपील की गई और रंजीत रानू साहू द्वारा शपथ दिलाई। कार्यक्रम का आभार व्यक्त प्रदर्शन श्रीमती गौरी विश्वकर्मा जी ने किया।

## एक पेड़ मां के नाम के तहत स्काउट एवं रेडक्रास द्वारा हुआ पौधरोपण

**सिवनी नवभारत।** हरियाली महोत्सव के तहत जिले में पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी एवं आदिम जाति विभाग द्वारा एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम बालक आश्रम शाला अग्रेजी माध्मम चूनाभट्टी डूंडासिवनी सिवनी में किया गया

रेडक्रॉस सोसायटी के सचिव अरूण राय ने बताया कि यह कार्यक्रम इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी, मध्यप्रदेश राज्य शाखा भोपाल के निर्देशों के अनुरूप श्रीमती नेहा मीणा, कलेक्टर सिवनी के निर्देशानुसार एक पेड़ माँ के नाम अभियान अंतर्गत जिले के सभी विद्यालयों, आश्रम शालाओं एवं महाविद्यालयों में जूनियर



रेडक्रॉस और युवक रेडक्रॉस इकाइयों के विद्यार्थियों, स्वयंसेवकों, शिक्षकों एवं संस्था प्रमुखों की सहभागिता से वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित हो रहे है। इसी तारतम्य में सहायक आयुक्त-आदिम जाति लालजी मीणा के मार्गदर्शन में आदिम जाति विभाग द्वारा चूनाभट्टी में संचालित अंग्रेजी माध्यम-बालक आश्रम शाला परिसर में स्काउट गाइड जिला संघ के पदाधिकारियों, शिक्षको एवं बच्चों एवं रेडक्रॉस पदाधिकारियों एवं सदस्यों के द्वारा वृक्षारोपण के साथ-साथ स्कार्फ डे का भी आयोजन किया गया इस अवसर पर सर्वप्रथम जिला संगठन आयुक्त स्काउट रघुवीर सिंह ठाकुर ने संचालन करते हुए उपस्थित सुश्री पूजा उइके क्षेत्र संयोजक एवंजिला कमिश्नर-गाइड, मनोहर राहंगढाले कमिश्नर-स्काउट, तरुण श्रीवास्तव, सचिव स्काउट/गाइड, रेडक्रास चेयरमेन डाँ संदीप उपाध्याय, सचिव अरुण राय, सदस्य पी.एल वर्मा, डाँ अभिषेक शुक्ला व सविता गौतम का स्कार्फ पहनाकर स्वागत किया गया एवं अच्छा कार्य करने का वचन लिया गया।

## हाई स्कूल शिक्षिका अनु डेहरिया को भावभीनी विदाई

**कुरई नवभारत।** शासकीय हाई स्कूल चक्की खमरिया में शनिवार को एक भावुक और गरिमामय वातावरण के बीच वरिष्ठ शिक्षिका श्रीमती अनु डेहरिया को उनके सेवानिवृत्त होने पर भावभीनी विदाई दी गई। विद्यालय परिसर में आयोजित सम्मान समारोह में विद्यालय परिवार, छात्र-छात्राओं, पूर्व विद्यार्थियों, अभिभावकों तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणों की उपस्थिति रही। सभी ने पुष्पगुच्छ, शॉल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर उनके 28 वर्षों के समर्पित शिक्षकीय जीवन को नमन किया तथा उनके स्वस्थ, सुखद और दीर्घायु जीवन की मंगलकामनाएं व्यक्त कीं।

अनु डेहरिया की नियुक्ति वर्ष 1998 में शासकीय हाई स्कूल चक्की खमरिया में हुई थी। उन्होंने अपने पूरे 28 वर्षों का सेवाकाल इसी विद्यालय में पूर्ण किया। इतने लंबे समय तक एक ही विद्यालय में रहकर उन्होंने न केवल हजारों विद्यार्थियों को शिक्षा प्रदान की, बल्कि उनके व्यक्तित्व निर्माण, नैतिक मूल्यों और अनुशासन की भावना विकसित करने में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया।



अपने सम्मान से अभिभूत श्रीमती अनु डेहरिया ने विद्यालय परिवार, विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं ग्रामीणों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि चक्की खमरिया उनके जीवन की अमूल्य स्मृतियों का हिस्सा रहेगा। उन्होंने कहा कि यहां मिले स्नेह, सहयोग और सम्मान को वे जीवनभर नहीं भूलेंगी। उन्होंने विद्यार्थियों से हमेशा ईमानदारी, अनुशासन और निरंतर मेहनत के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया। कार्यक्रम के अंत में सभी ने श्रीमती अनु डेहरिया के सुखद, स्वस्थ एवं मंगलमय सेवानिवृत्त जीवन की कामना करते हुए उन्हें भावभीनी विदाई दी। समारोह का वातावरण भावनाओं से ओत-प्रोत रहा और उपस्थित लोगों ने उन्हें तालियों की गड़गड़ाहट के साथ सम्मानपूर्वक विदा किया।




### गुरु पूर्णिमा पर मेधावी छात्रा प्रीत पटले का सम्मान

**सिवनी नवभारत।** उत्कृष्ट विद्यालय बरघाट मे आयोजित शिवलाल उत्कृष्टता समारोह के अर्तगत मप्र की मेरिट लिस्ट में पांचवा स्थान सुनिनिश्चित करने पर कुमारी प्रीति पटले पिता खरगपाल पटले को सम्मानित किया गया। ग्राम कांचना को 5100रू. परितोषिक प्रदान किया गया। उ.वि. विद्यालय एवं प्राचार्य श्री बिसेन के द्वारा उज्जवल भविष्य की कामना की।

## बरघाट नगर परिषद से नंदकिशोर मसराम सेवानिवृत्त

**बरघाट नवभारत।** कार्यालय नगर परिषद बरघाट में वर्षों तक अपनी सेवाएं देने वाले वरिष्ठ कर्मचारी नंदकिशोर मसराम 31 अगस्त को सेवानिवृत्त हुए। सेवानिवृत्ति के उपलक्ष्य में नगर परिषद कार्यालय में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

श्री मसराम ने अपने सेवा काल के दौरान नगर परिषद के विभिन्न विभागों में कार्य करते हुए सभी दायित्वों को बड़ी सहजता, कुशलता और निष्ठा के साथ निभाया। कार्य के प्रति उनकी लगन और अनुशासित कार्यशैली



साथी कर्मचारियों के लिए हमेशा प्रेरणा रही। समारोह में नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती इमरता साहू, उपाध्यक्ष श्रीमती ममता अनिल पाठक, सभापति अभिलाष मालवी, सभापति श्रीमती निधि ऋषभ जायसवाल, सभापति असंत उइके, पार्षद बाबर खान, पार्षद जितेन्द्र सिंगारे, विधायक प्रतिनिधि, शासन द्वारा नियुक्त एल्डरमेन सहित समस्त जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी एवं समस्त कर्मचारी भी इस अवसर पर मौजूद थे। सभी ने श्री मसराम का पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया और उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। वक्ताओं ने कहा कि श्री मसराम का योगदान नगर परिषद में सदैव याद रखा जाएगा। कार्यक्रम के अंत में सभी ने श्री मसराम को सेवानिवृत्ति के बाद स्वस्थ एवं उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम का सफल मंच संचालन श्री अनिल पाठक, सांसद प्रतिनिधि द्वारा किया गया।

### 7 अगस्त से शुरू होगा मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान

**सिवनी।** जिले में आम नागरिकों को त्वरित एवं प्रभावी प्रशासनिक सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान-2026 का संचालन 7 अगस्त 2026 से 8 जनवरी 2027 तक किया जाएगा। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी द्वारा इस संबंध में विस्तृत आदेश जारी करते हुए अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए जिला, अनुभाग एवं नगरीय स्तर पर नोडल अधिकारियों की नियुक्ति तथा विभागवार जिम्मेदारियां निर्धारित की गई हैं।

## बैनगंगा से जल भरकर वीर वटकेश्वर महादेव मंदिर पहुचेंगे कांवड़िए

**सिवनी नवभारत।** सावन के पावन आगमन के साथ ही चारों ओर 'बम-बम भोले' और 'हर-हर महादेव' की गूंज है। कांवड़िए कावड़ यात्रा की तैयारी कर रहे हैं। इसी तारतम्य में बारापत्थर हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी समता नगर स्थित वीर वटकेश्वर महादेव मंदिर से सावन के प्रथम सोमवार 3 अगस्त को प्रात: कावड़ यात्रा निकाली जाएगी। जो कि लखनवाड़ा स्थित पतित पावनी मां बैनगंगा से कांवड़िए कावड़ में जल भरकर कांधे में लाते हुए सर्वप्रथम मठ मंदिर में महाकाल का जलाभिषेक करेंगे। तत्पश्चात नगर भ्रमण करते हुए बारापत्थर स्थित वीर वटकेश्वर महादेव मंदिर पहुंच कर सह परिवार विराजित भगवान भोलेनाथ का गंगाजल से अभिषेक किया जाएगा। मंदिर के पुजारी पंडित मोहन पांडे एवं वीर वटकेश्वर महादेव मंदिर के स्थापक, सेवादार जितेन्द्र सिंह ने परिवार सहित सभी सनातनी से अधिक से अधिक संख्या में कांवड़ यात्रा में शामिल होने का निवेदन किया है। वहीं दुर्गा चौक माता राजराजेश्वरी दुर्गा मंदिर के आचार्य श्री राजेंद्र पांडे ने बताया कि कांवड़ यात्रा केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि भगवान शिव के प्रति त्याग, संयम और अगाध श्रद्धा का प्रतीक है। कावड़ यात्रा से भगवान शिव प्रसन्न होकर भक्तों की सभी मनोकामनाओं को पूर्ण करते हैं।

**बैठक** | बरघाट विकास खंड के समस्त राशन विक्रेताओ ने दी उपस्थिति

## जन विश्वास अभियान के तहत जिला खाद्य आपूर्ति अधिकारी ने ली क्लास

**धारनाकला नवभारत।** मध्यप्रदेश सरकार द्वारा शुरू किया जाने वाला मुख्य मन्त्री जन विस्वास अभियान के तहत आम जनता की शिकायतो के त्वरित निराकरण शासकीय योजनाओ के प्रभावी क्रियान्वयन और पारदर्शी प्रशासन को सुनिश्चित करने की दिशा मे जिला खाद्य आपूर्ति अधिकारी देवेन्द्र खोबरिया ने बरघाट विकास खंड के समस्त राशन विक्रेता खाद्यन परिवहन कर्ता की आवश्यक बैठक लेते हुऐ शासन के मापदंड तथा खाद्यान्न वितरण से जुडी आवश्यक गतिविधियो को समझाते हुऐ कहा की यह सरकार की आवश्यक सेवा है और इस इस सेवा के तहत प्रत्येक गरीब परिवार तथा उपभोक्ता को समय



सीमा मे राशन का वितरण आवश्यक है तथा यह भी समझाइश देते हुऐ कहा है की यह अभियान 07 अगस्त 2026 से 08 जनवरी 2027 तक चलेगा और यह अभियान प्रत्येक शुक्रवार को आयोजित होगा जिसमे अधिकारी और जन प्रति निधी गांवो तथा शहरो शहरी वार्डो का भ्रमण तथा दौरा करेगे जिसका उद्देश्य जनता की समस्याओ को सीधे सुनना पात्र शिकायतो का तुरन्त समाधान करना और जमीनी स्तर सरकारी योजनाओ की समीक्षा करना है इस लिये आप समय सीमा मे आवश्यक सेवा गरीबो के घर तक राशन समय सीमा मे पहुचे इस दिशा मे नियम से कार्य करे ताकि मध्य प्रदेश सरकार की जन विस्वास अभियान की सफलता एक अच्छा संदेश देते हुऐ कारगर साबित हो। यहा यह बताना भी लाजिमी है की बरघाट विकास खंड मे लम्बे अंतराल के बाद जिला खाद्य आपूर्ति अधिकारी के द्वारा सीधे संवाद तथा खाद्यान्न से जुडी समस्याओ को सुना गया है।

**राशन विक्रेताओं ने सौंपा ज्ञापन**

जिला खाद्य आपूर्ति अधिकारी देवेंद्र खोबरिया को बरघाट विकास खंड के राशन विक्रेताओ ने ज्ञापन सौंपते हुऐ अपनी समस्याओ से अवगत कराते हुऐ बताया की गोदाम से प्राप्त होने वाले खाद्यान्न मे अत्यधिक नमी होने के चलते उन्हे प्रति माह राशन घट रहा है तथा गोदाम से प्राप्त होने वाली चावल तथा गेहू की बोरियो मे आठ से दस दिनो मे प्रत्येक बोरी पर दो से तीन किलो की घटत आ रही है इस बात को गंभीरता से लेते हुऐ जिला खाद्य आपूर्ति अधिकारी ने त्वरीत जांच का आश्वासन देते हुऐ सलाह दी है प्रत्येक राशन विक्रेता अनाज की बोरिया का तौल करके ही राशन प्राप्त करे और आने वाली समस्याओ के सम्बन्ध मे त्वरित निराकरण का आश्वासन भी राशन विक्रेताओ को दिया गया है।

## फर्जी पत्रकारों पर लगाम जरूरी : आनंद खरे

**सिवनी नवभारत।** म.प्र. श्रमजीवी पत्रकार संघ की जिला निकाय के पूर्व अध्यक्ष एवं जिला मुख्यालय सिवनी अपितु महाकौशल प्रांत के वरिष्ठ पत्रकार आनंद खरे ने राज्य शासन के साथ ही जिला प्रशासन सिवनी के नाम जारी एक विनय विशेष अपील में अपेक्षा की है कि इस जिले के समूचे नगरीय कस्बाई एवं ग्रामीण अंचलों में वर्तमान परिवेश में फजी, स्वम्भू, स्वनाम धन्य कथित पत्रकारों के खिलाफ कड़ी से कड़ी वैधानिक कार्यवाही करते हुए उनसे प्रताडित समाज सरकारी स्वयसेवी संस्थाओ तथा गैर सरकारी संस्थानों, स्वायत निकायों में कार्यरत व्यक्तियों को राहत के साथ ही न्याय मिले जो कि इन कथित पत्रकारों की बेजा हरकतों, उदंडता का शिकार होकर बेहद परेशान है और अनावश्यक रूप से मानसिक, शारीरिक व आर्थिक स्वरूप में शोषित प्रताडित हो रहे है जिससे प्रजातंत्र के चौथे स्तम्भ की अस्मिता पर लग रहे प्रश्नचिन्हों पर कुहांसा हट सके तथा निरीह, निर्दोष व कानून का पालन करने वाले व्यक्ति इन कुख्यात हो चुके बेनामी, फर्जी पत्रकारों से निजात पा सके।

वरिष्ठ पत्रकार आनंद खरे ने वर्तमान में कार्यरत मौलिक, विधि सम्मत युवा पत्रकारों से भी अपील की है कि वे भी स्वविवेक से संगठित होकर समवेत रूप से उन कथित फर्जी पत्रकारों के खिलाफ एक योजनाबद्ध अभियान चलाकर उनका पर्दाफाश करे जोकि चंद रूपयों की खातिर वेवजह आतंक का पर्याय बनकर पत्रकारिता जैसे निष्कलंक मिशन के धर्म, मर्म को ध्वस्त कर रहे है क्योकि ये फर्जी पत्रकार गिरोह के रूप में एक सोची समझी रणनीति के साथ समाज व सरकारी तंत्र के सभी वर्गो को निरंतर हलाकान, हैरान कर रहे है जिससे इन आताताईयों से प्रताड़ित हो रहे व्यक्तियों को नैसर्गिक न्याय मिल सकें और वे स्व्छंद होकर अपने-अपने कर्तव्यों का पालन समूची निष्ठा, पारदर्शिता व ईमानदारी के साथ अपने पदीय दायित्वों का निर्वहन कर सके जो कि अपरिहार्य व सम-सामयिक है।

इसके लिए प्रशासन को भी अविलम्ब है एक कार्य योजना बनाकर ऐसे छदम पथभृष्ट व्यक्तियों के विरूद्ध विधि सम्मत कार्यवाही की जानी चाहिए तब जाकर शोषित पीड़ित व्यक्तियों, संस्थाओं को अनाचार से मुक्ति मिल सकेगी।

पत्रकार श्री खरे ने यहाँ जारी अपनी अपील में सभी मान्यता प्राप्त, पत्रकारों से भी अपेक्षा की है कि उन्हे भी इस संदर्भ में प्रशासन को यथार्थपूर्ण तथ्यों से अवगत कराते हुए की जाने वाली कार्यवाही में नैतिक रूप से सहयोग करना चाहिए जिससे पत्रकारिता जैसे पवित्र मिशन पर कलंक न लग सके और यही समय की महती आवश्यकता है। स्मरणीय है कि पत्रकार श्री खरे लगभग चार दशकों तक नवभारत पत्र समूह के नागपुर, जबलपुर एवं छिंदवाडा संस्करणों के स्थानीय ब्यूरों चीफ रहे है वर्तमान में वे स्वतंत्र पत्रकार के स्वरूप में अपना मिशन जारी रखे हुए है।

**बेनामी पत्रकारों को पुलिस ने रोका**

समूचे महाकौशल अंचल में वर्तमान परिवेश में फर्जी पत्रकारों की बाढ़ सी आ गई इसी क्रम में बीते दिन पडोसी जिले बालाघाट में फर्जी पत्रकारों द्वारा प्रताड़ित अनेको ग्राम पंचायतों के सरपंच सचिव की शिकायतों पर पुलिस ने संज्ञान लेकर कल्पिय बेनामी पत्रकारो को भारतीय संहिता संहिता की अपराधिक धाराओं में गिरफ्तार कर उनके खिलाफ अभियोजन की कार्यवाही की है, अस्तु अपेक्षा की जाती है कि इस जिले में ऐसे बेनामी तत्वों के खिलाफ भी कड़ी कार्यवाही कर निरीह व्यक्तियों को आर्थिक एवं मानसिक शोषण से मुक्ति मिल सकें।